
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**जयंती विशेष**

**11 नवंबर 2025**


**Teachers of Bihar**

The Change Makers

## आज का सुविचार

दिल से दी गई शिक्षा समाज

में क्रांति ला सकती है।



मौलाना अबुल कलाम आज़ाद

**( भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री )**


जन्म : **11** नवंबर **1888** मृत्यु : **22** फरवरी **1958**

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

## मधु प्रिया

# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 11 नवम्बर




यह दिवस भारत सरकार भारत के पहले शिक्षा मंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की याद में हर 11 नवंबर को मनाया जाता है। आजाद ने शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने व सुलभ बनाने में खास योगदान दिए. मौलाना अबुल कलाम आजाद को स्वतंत्र भारत का पहला शिक्षा मंत्री बनाया गया। आजाद की जयंती को भारत वर्ष में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 11,सितंबर 2008 को घोषणा की, "मंत्रालय ने भारत में शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद करते हुए भारत के इस सपूत के जन्मदिन को मनाने का फैसला किया है। 2008 से हर साल 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाएगा, इसे अवकाश के रूप में घोषित किया जाएगा।" देश के सभी शैक्षणिक संस्थान साक्षरता के महत्व और शिक्षा के सभी पहलुओं के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता पर बैनर कार्ड और नारों के साथ सेमिनार, संगोष्ठी, निबंध-लेखन, भाषण प्रतियोगिताओं, कार्यशालाओं और रैलियों के साथ दिन को मनाने की घोषणा करते हैं।इस दिन को स्वतंत्र भारत में शिक्षा प्रणाली की नींव रखने और क्षेत्र में देश के वर्तमान प्रदर्शन का मूल्यांकन और सुधार करने में आजाद के योगदान को याद करने के अवसर के रूप में भी देखा जाता है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 2023 का विषय ' शिक्षा को प्राथमिकता देना: हमारे लोगों में निवेश ' है। भारत का राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 2008 से हर साल 11 नवंबर को मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। इस दिन शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को देखा जाता है, क्योंकि वह स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री थे।

# जयंती विशेष 11 नवंबर

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस



देश के प्रथम शिक्षा मंत्री और
भारत रत्न से सम्मानित

## मौलाना अबुल कलाम आजाद जी

की जयंती पर विनम्र अभिवादन

**मौलाना अबुलकलाम मुहीउद्दीन अहमद** *Abul Kalam Azad* जन्म- 11 नवम्बर, 1888; मृत्यु- 22 फ़रवरी, 1958) एक मुस्लिम विद्वान् थे। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया। वह वरिष्ठ राजनीतिक नेता थे। उन्होंने हिन्दू-मुस्लिम एकता का समर्थन किया और सांप्रदायिकता पर आधारित देश के विभाजन का विरोध किया। स्वतंत्र भारत में वह भारत सरकार के पहले शिक्षा मंत्री थे। उन्हें 'मौलाना आज़ाद' के नाम से जाना जाता है। 'आज़ाद' उनका उपनाम है।

# MATH TLM


83 Class-6to8

## कोण (Angle)

### विभिन्न प्रकार के कोण

### आसन्न कोण

यदि दो कोणों का शीर्ष बिंदु एक हो तथा उनकी एक भुजा उभयनिष्ठ हो एवं उन दोनों कोणों की अन्य भुजाएं उभयनिष्ठ भुजा के एक ओर ना हो तो ऐसे कोण आसन्न कोण कहलाते हैं।




आसन्न कोण

Anu Priya, Science Teacher



# टी-20 में सबसे तेज एक हजार रन

| प्लेयर | बॉल | देश |
|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा | 528 | भारत |
| सूर्यकुमार यादव | 573 | भारत |
| फिल सॉल्ट | 599 | इंग्लैंड |
| ग्लेन मैक्सवेल | 604 | ऑस्ट्रेलिया |
| आंद्रे रसेल | 609 | वेस्टइंडीज |



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The Change Makers



# शिक्षा शब्दकोश



आज का शब्द **11.11.2025**

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस
## **11** नवंबर

भारत में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस प्रत्येक वर्ष **11** नवंबर को मनाया जाता है। यह दिवस स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री, महान स्वतंत्रता सेनानी और प्रख्यात शिक्षाविद् मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को याद करना और देश में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय (वर्तमान में शिक्षा मंत्रालय) ने **11** सितंबर **2008** को आधिकारिक तौर पर **11** नवंबर को 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की।



राकेश कुमार

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**क्या आप जानते हैं ?**

**धरती का सबसे सूखा इलाका अंटार्कटिका में है, जहाँ पिछले 20 लाख साल से बारिश नहीं हुई। यहाँ बारिश न होने का कारण यहाँ की बहुत ठंडी और सूखी हवा है, जो बादलों को यहाँ पहुँचने नहीं देती।**



राकेश कुमार

# पद्य पंकज

"


गिरना भी अच्छा है,
औकात का पता लगता है।
बढते है जब हाथ उठाने को,
अपनो का पता चलता है।
जिन्हें गुस्सा आता है,
वो लोग सच्चे होते हैं।
मैने झूठों को अक्सर,
मुस्कुराते देखा है।
सीख रहा हूं मैं भी,अब इंसानों को पढ़ने का हुनर
सचना है, चेहरे पर किताबों से ज्यादा लिखा होता है।

**हरिवंशराय बच्चन**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

# जयंती पर सादर नमन



## जे॰ बी॰ कृपलानी


जन्म- 11 नवम्बर 1888 - मृत्यु– 19 मार्च 1982

Madhu priya

www.teachersofbihar.org

# जयंती पर सादर नमन

11 नवंबर 1888-22 फरवरी 1958



# अबुल कलाम आजाद

भारत के पूर्व मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री